# सेंट सिसीलियास पब्लिक स्कूल
# हिंदी
# कविता वाचन प्रतियोगिता
## 31 जनवरी, 2025

**जो ह्रदय को द्रवित कर दे वह कविता कहलाती है ,**
**जो भावनाओं में स्पंदन भर दे वह कविता कहलाती है ।**




कविता साहित्य का मूल है । इस के माध्यम से हम बहुत सुंदर शब्दों में अपने भावों की अभिव्यक्ति कर सकते हैं । कविता हमारी भाषा को सजाने का कार्य भी करती है । छात्रों की शब्दावली बढ़ाने के लिए विद्यालय में चौथी तथा पाँचवी कक्षा के छात्रों केलिए कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । काव्य पाठ के द्वारा वाचन क्षमता का भी विकास होता है ।

उन्होंने बड़े उत्साह और जोश के साथदेश -प्रेम, प्रकृति, वातावरण, अनेकता में एकता जैसे विविध विषयों पर कविता पाठ करते हुए अपने विचारों की अभिव्यक्ति प्रस्तुत की ।

इसका उद्देश्य उनका आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उनके हिंदी भाषीय कौशल में सुधार करना था ।

छात्रों ने सुंदर भावों, विचारों और लय के साथ बहुत उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा उनके काव्य पाठ में उच्चारणकी शुद्धता को भीदेखा गया ।